
विज्ञान

schools.aglasem.com



aglasem.com

1	यदि पृथ्वी पर सभी बीज नष्ट कर दिए जाए तो क्या होगा?				
	(अ) पृथ्वी पर केवल जानवर रह जाएंगे	(ब) पृथ्वी पर केवल अजैविक घटक रह जाएंगे	(स) पृथ्वी पर पेड़ पौधे नहीं उग पाएंगे अथवा कायिक जनन वाले पौधे ही उग पाएंगे	(द) पृथ्वी पर सामान्य क्रियाएं अप्रभावित रहेगी	( )
2	प्रवेश उत्सव के दौरान शिक्षक ने गांव के नेत्र दिव्यांग बालक को प्रेरित किया कि वह भी आसानी से दूसरे बालकों के समान ही शिक्षा प्राप्त कर सकता है यहां शिक्षक उसे किस प्रकार शिक्षित करना चाहता है?				
	(अ)सांकेतिक भाषा अथवा इशारों से	(ब)प्रदर्शन विधि से	(स)ब्रेल लिपि की सहायता से	(द)दृश्य साधनों के माध्यम से	( )
3	निम्न में से ऐसा कौन सा कार्य है जो जड़, तना, पत्ती, फल सभी के द्वारा किया जाता है?				
	(अ)पौधों को स्थिर रखना व जल संवहन	(ब)जल व खनिज लवणों का अवशोषण	(स)खाद्य पदार्थों का संग्रह	(द)खाद्य पदार्थों का निर्माण	( )
4	सौरमंडल में सूर्य, ग्रह, उपग्रह इत्यादि होते हैं यहां पर ग्रहों के बारे में कुछ कथन दिए गए हैं इनमें से कौन सा कथन सही नहीं है				
	(अ)सौरमंडल में आठ ग्रह हैं	(ब)ग्रहों के पास अपना स्वयं का प्रकाश नहीं होता है	(स)ग्रह अपनी विशिष्ट गति से सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाते हैं	(द)ग्रह अपने अक्ष पर घूर्णन नहीं करते हैं	( )
5	उपर्युक्त चित्र में परिपथ को पूर्ण कर बल्ब जलाने के लिए क्या परिवर्तित करने की आवश्यकता है –  				
	(अ) बल्ब के स्थान पर ट्यूबलाइट	(ब) सेल के स्थान पर लकड़ी	(स) लकड़ी के स्थान पर लोहे की कील	(द) तार के स्थान पर धागा	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

6	रिया तूफान आने की संभावना को देखते हुए एक मोमबत्ती जलाती है जिससे बिजली चली जाने पर भी अंधेरा ना हो तेज हवा के झोंके से मोमबत्ती बुझ न जाए इसलिए वह उस पर कांच का जार ढक देती है किंतु कुछ देर बाद मोमबत्ती बुझ जाती है ऐसा होने का क्या कारण रहा होगा?				
	(अ)रिया ने मोमबत्ती को सही ढंग से नहीं जलाया	(ब)रिया ने सही आकार व आकृति के जार का उपयोग नहीं किया	(स)कांच के जार में छेद होने से तेज हवा ने प्रवेश किया	(द)जार के भीतर ऑक्सीजन समाप्त हो जाने से	( )
7	एक कमरे में एक पारदर्शी खिड़की लगी हुई है किसी कारणवश उसे अपारदर्शी खिड़की में बदलने की आवश्यकता है इनमें से कौन सा तरीका सही है ?				
	(अ)खिड़की पर एक कांच का आवरण लगाना।	(ब) खिड़की को रंगीन पेंट कर देना।	(स) खिड़की को गर्म जल से धोना।	(द)कांच पर प्लास्टिक का आवरण लगाना।	( )
8	इनमें से कौन सा रेशा मजबूत सैलूलोज एवं लिग्निन से बना तन्य शक्ति युक्त सस्ता एवं कम लागत का गोल्डन फाइबर है				
	(अ)रेशम	(ब)जूट	(स)कपास	(द)ऊन	( )
9	रोहित ने एक रोल प्ले में अपने रोल के बारे में कहा कि मैं पृथ्वी के चारों ओर उपस्थित एक पारदर्शी रंगहीन गैस धूल तथा धुएं से भरा एक कंबल के समान आवरण हूं| बताइए वह किसका रोल प्ले कर रहा है?				
	(अ)ब्रह्मांड	(ब)आकाश गंगा	(स)वायुमंडल	(द)बादल	( )
10	दो मित्रों के बीच एक पदार्थ से बना हुआ दरवाजा है दोनों मित्र एक दूसरे को अस्पष्ट या धुंधला देख पाते हैं वह दरवाजा किस प्रकार के पदार्थ का बना हो सकता है?				
	(अ)पारदर्शी	(ब)अपारदर्शी	(स)पारभासी	(द)चुंबकीय	( )
11	राधे कुछ दिनों से मसूड़े के दर्द से परेशान है। उसके मसूड़े में खून निकल रहा है। इसी दौरान उसके पैर में लगी चोट का घाव भी लंबे समय से ठीक नहीं हो रहा है। राधे निम्न में से किस अभावजन्य रोग से ग्रसित है तथा इससे निजात पाने के लिए राधे को क्या लेना होगा?				
	(अ)गॉयटर- आयोडीन	(ब)स्कर्वी-विटामिन C	(स)रिकेट्स-विटामिन D	(द)बेरी-बेरी-विटामिन B	( )
12	पालक,तरबूज,आम,गुलाब को उनके तने की प्रकृति के आधार पर शाक झाड़ी वृक्ष तथा विसर्पी लता के सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए-				
	(अ)आम, पालक, तरबूज, गुलाब	(ब)पालक, तरबूज, आम, गुलाब	(स)गुलाब, आम, पालक, तरबूज	(द)पालक, गुलाब, आम, तरबूज	( )
13	दिए गए निम्न कथनों में से सही उत्तर का चयन करें-				
	(अ)तना मिट्टी से जल व खनिज अवशोषित	(ब)पत्तियां पौधे के भोजन निर्माण में	(स)जड़ें पौधे को सीधा खड़ा रखती है।	(द)तने में खाद्य संग्रह नहीं होता है।	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

	करता है।	सहायक होती है।			
14	एक गिलास में ह्यूमस, मृतिका, बालू एवं जल मिलाकर जोर से हिलाते हैं तत्पश्चात इसे कुछ देर स्थिर होने के लिए रखा जाता है तो उपरोक्त पदार्थों के गिलास में जमने के क्रम a, b व c को पहचानो-				
	(अ) a=ह्यूमस, b=मृत्तिका, c=बालू	(ब) a=मृत्तिका, b=ह्यूमस, c=बालू	(स) a=बालू , b=मृत्तिका,c=ह्यूमस,	(द) उपरोक्त सभी	( )
15	निम्न चित्र को देखकर बताएं कि पुष्प का कौन सा भाग नर जननांग को प्रदर्शित करता है- 				
	(अ) c	(ब) b	(स) d	(द) a	( )
16	निम्नलिखित में से कौन सा प्राकृतिक रेशा नहीं है?				
	(अ) कपास	(ब) जूट	(स) नायलोन	(द) सन	( )
17	टंकी से पानी निकलते समय विजय की जेब से घर की चाबियाँ पानी में गिर जाती है। पानी की टंकी से चाबियों को बाहर निकालने के लिए विजय किसका प्रयोग करेगा-				
	(अ)बाल्टी	(ब)चुम्बक	(स)तार	(द)लकड़ी	( )
18	मीरा विद्यालय में खेल कालांश में खेलने के पश्चात थकान मिटाने हेतु विद्यालय प्रांगणमें स्थित नीम के पेड़ के नीचे जाकर बैठ जाती है वहां बैठे हुए उसे नीम के पेड़ की छाया के बीच आ रहे सूर्य के प्रकाश के धब्बे दिखाई देते हैं इस घटना सप्रेरित हो वह निम्न में से किस मॉडल का निर्माण करेगी-				
	(अ)टेलिस्कोप	(ब)माइक्रोस्कोप	(स)पेरिस्कोप	(द)सूची छिद्र कैमरा	( )
19	प्रदर्शित चित्र में कौनसी गति दर्शायी गयी है - 				
	(अ) सरल रेखीय गति	(ब) आवर्त गति	(स) वर्तुल गति	(द) रेखीय गति	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

20	सिक्किम भारत का प्रथम प्लास्टिक मुक्त राज्य है सरकार द्वारा प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने से संबंधित निम्न कथनों को पढ़कर सही विकल्प चुनिए – कथन एक- प्लास्टिक अजैव निम्नीकरण पदार्थ है तथा वातावरण को प्रदूषित करता है कथन दो -प्लास्टिक का निर्माण कठिन है तथा आर्थिक दृष्टि से महंगा व दुर्लभ है।				
	(अ)कथन एक व कथन दो दोनों गलत है।	(ब)कथन एक सही है किंतु कथन दो गलत है।	(स)कथन एक गलत है किंतु कथन दो सही है।	(द)कथन एक व कथन दो दोनों सही है।	( )
21	राजू को अंधेरा होते ही कम दिखाई देने के कारण डॉक्टर ने उसे गाजर, चुकंदर, आंवला आदि खाने की सलाह दी राजू के शरीर में किस विटामिन की कमी हो सकती है?				
	(अ)विटामिन डी	(ब)विटामिन सी	(स)विटामिन ए	(द)विटामिन बी	( )
22	मनस्वी की माताजी उसके जन्मदिन की पार्टी में चावल की खीर बनाना चाहती है वह देखती हैकि चावल में कुछ भूसी या छिलके मिले हुए हैं वह इन्हें अलग करने के लिए कौन सीविधि का प्रयोग करेगी?				
	(अ)निस्यंदन	(ब)चालन	(स)निस्तारण	(द)निष्पावन	( )
23	राम के पास एक चुंबक है जो तीन असमान भागों में विभक्त हो जाती है तो निम्न कथनों के अनुसार अपना उत्तर दीजिए- कथन A -चुंबक में कोई भी ध्रुव उत्तरी ध्रुव अथवा दक्षिणी ध्रुव नहीं रहेगा कथन B - तीन उत्तरी ध्रुव तीन दक्षिणी ध्रुव बन जाएंगे				
	(अ)कथन A सही व कथन B गलत है	(ब)कथन A एवं कथन B का घटना से कोई संबंध नहीं है	(स)कथन A एवं कथन B दोनों संभव है	(द)कथन B सही है वह कथन A गलत है	( )
24	मानव के ऊपरी जबड़े में अचल संधि होती है यदि निचले जबड़े में भी अचल संधि होगी तो किस क्रिया पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा?				
	(अ)भोजन करना	(ब)श्वास लेना	(स)हंसना या मुस्कुराना	(द)बोलना	( )
25	5 जून को कौनसा दिवस मनाया जाता है ?				
	(अ)पर्यावरण दिवस	(ब) विश्व दुग्ध दिवस	(स)विश्व खाद्य सुरक्षा	(द)अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस	( )
26	निम्न में से कागज के पुन: चक्रण से संबंधित असत्य कथन है -				
	(अ)कागज के पुनर्चक्रण से वन संरक्षण होता है	(ब)कागज के पुनर्चक्रण से भूमि प्रदूषण में कमी आती है	(स)पुनर्चक्रण में कागज के रेशों को अलग करने के लिए इस पानी में घोलना पड़ता है	(द)कागज पुनर्चक्रण में प्लास्टिक लेपित कागज का उपयोग किया जा सकता है	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

27	सीता कक्षा आठ में पढ़ती है एक पड़ोसी परिवार दैनिक रूप से घरेलू कचरा व अपशिष्ट घर के सामने खुले में फेंक देता था पर्यावरण मित्र होने के कारण उसने उन्हें प्रदूषण कम करने हेतु सलाह दी आपके विचार में कौन सी सलाह उपयुक्त नहीं है				
	(अ)गीला कचरा व सूखा कचरा अलग-अलग एकत्रित करें	(ब)कचरा कम करें व निर्धारित स्थान पर ही डालें	(स)पुनः उपयोग किये जा सकने वाले पदार्थ का पुनः उपयोग करें	(द)कचरा प्लास्टिक की थैलियों में भरकर समीप के जल स्रोत के पास फेंक देवे	( )
28	रवि के पास छाया निर्माण से संबंधित निम्न उपकरण है जिनकी सहायता से वह एक वस्तु की छाया प्राप्त करना चाहता है इनमें से किस उपकरण या वस्तु के नहीं होने पर भी छाया निर्माण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा?				
	(अ)अपारदर्शी वस्तु	(ब)प्रकाश स्रोत	(स)पारदर्शी वस्तु	(द)पर्दा	( )
29	निम्न में से मानव शरीर का कौन सा अंग 360 डिग्री तक घूम सकता है				
	(अ)भुजा	(ब)गर्दन	(स)घुटना	(द)कोहनी	( )
30	यदि संपूर्ण पृथ्वी पर एक भी वृक्ष न हो तो निम्न में से तत्काल रूप से क्या स्थिति उत्पन्न होगी				
	(अ)पृथ्वी पर वर्षा नहीं होगी	(ब)हमें औषधि एवं लकड़ी प्राप्त नहीं होगी	(स)पृथ्वी का तापमान बढ़ जाएगा	(द)ऑक्सीजन एवं भोजन के अभाव में जीवन संभव नहीं होगा	( )
31	रीना ने एक पेड़ की संरचना का बाहरी अवलोकन कर जड़ के प्रकार की सही पहचान कर ली उसने किस भाग को देखकर जड़ के बारे में पता लगाया होगा				
	(अ)टहनी	(ब)फल फूल	(स)शिरा विन्यास	(द)तना	( )
32	निम्न में से ऐसा कौन सा जीव है जो जमीन पर दीवार पर एवं वायु में इन तीनों स्थानों पर गति कर सकता है				
	(अ)कॉकरोच	(ब)केंचुआ	(स)मेंढक	(द)घोंघा	( )
33	सांप तेज गति से चलता है किंतु सरल रेखा गति में नहीं चल सकता है ऐसा क्यों				
	(अ)सर्प का मेरुदंड बहुत लंबा होता है	(ब)सर्प के शरीर की पेशियां क्षीण एवं असंख्य होती है	(स)सर्प का शरीर अनेक वलय बनता है और प्रत्येक वलय दूसरे को आगे की तरफ धकेलता है	(द)पेशीयां मेरुदंड पसलियों एवं त्वचा को एक दूसरे से जोड़ती है	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

34	सविता विद्यालय से आने के बाद अपनी मां से कक्षा अध्यापक द्वारा पारदर्शी एवं अपारदर्शी वस्तुओं पर दी गई जानकारी के बारे में चर्चा करती है कुछ समय बाद उसकी माताजी खरीददारी करने उसे भी अपने साथ ले जाती है तथा निम्न वस्तुएं दिखाकर समस्त पारदर्शी वस्तुओं का चयन करने को कहती है वह किस समूह का चयन करेगी वस्तुएं निम्न प्रकार हैं ज्यामिति बॉक्स, कांच का जार, टिफिन, बल्ब, नोटबुक एवं चश्मा				
	(अ)बल्ब, कांच का जार, चश्मा	(ब)ज्यामिति बॉक्स, टिफिन, नोटबुक	(स)चश्मा ,ज्यामिति बॉक्स, टिफिन	(द)नोटबुक, बल्ब, कांच का जार	( )
35	बिजली के झटके से बचने का सही तरीका है				
	(अ)बिजली के स्विच को गीले हाथों से छूना	(ब)बिजली के उपकरणों को छूने से पहले सुनिश्चित करना कि हाथ और शरीर सूखे हैं	(स)स्विच बंद किए बिना बल्ब बदलना	(द)घर में बिना प्लास्टिक आवरण के बिजली तारों का संयोजन करना	( )
36	कथन A - अपारदर्शी वस्तुएं छाया बनाती है कथन B- अपारदर्शी वस्तुएं प्रकाश को अपने भीतर से होकर गुजरने नहीं देती है उपर्युक्त कथनों को पढ़कर निम्न में से सहीविकल्प का चयन कीजिए				
	(अ)कथन A एवं कथन B दोनों सही है कथन B कथन A की सही व्याख्या करता है	(ब)कथन A एवं कथन B दोनों गलत है	(स)कथन A सही वह कथन B गलत है	(द)कथन A एवं कथन B दोनों सही है कथन B कथन A की सही व्याख्या नहीं करता है	( )
37	निम्न में से ऐसा कौन सा पदार्थ है जो जल में मिलने पर जल प्रदूषण एवं वायु में मिलने पर वायु प्रदूषण दोनों ही फैलाता है तथा उस पर नियंत्रण करना अति आवश्यक है?				
	(अ)पेड़ पौधों तथा अजैविक कारकों से निकला अपशिष्ट	(ब)घरेलू अपशिष्ट	(स)कारखाने से निकला ठोस व तरल अपशिष्ट	(द)हानिकारक गैसें	( )
38	निम्न में से कौन सा एक वायुमंडल में गैसीय संतुलन पर नकारात्मक प्रभाव नहीं डालता है ?				
	(अ)जंगलों को काटना	(ब)वातावरण में प्रदूषित गैसों का उत्सर्जन करना	(स)अधिक संख्या में पेड़ लगाना	(द)वाहनों से धुआ निकलना	( )
39	रवि अपने कमरे में एक दीवार पर वॉलपेपर अथवा भित्ति पत्र लगवाना चाहता है वह अपने कमरे की दीवार का माप किस प्रकार लेगा?				
	(अ)धागे की सहायता से	(ब)हाथ की सहायता से	(स)बालिश्त की सहायता से	(द)मीटर स्केल की सहायता से	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

40	रानी दिन के प्रत्येक समय अपनी छाया का अवलोकन करती है उसे सबसे छोटी छाया दिन के किस समय दिखाई देगी				
	(अ)सुबह	(ब)दोपहर	(स)शाम	(द)रात	( )
41	निम्नलिखित में से पृथक्करण से संबंधित सही कथन नहीं है -				
	(अ)पृथक्करण से अनुपयोगी पदार्थ हटाए जा सकते हैं	(ब)पृथक्करण से अनुपयोगी पदार्थ प्राप्त नहीं किये जा सकते हैं	(स)पृथक्करण से हानिकारक पदार्थ या अशुद्धियों को अलग किया जा सकता है	(द)पृथक्करण से शुद्ध पदार्थ को प्राप्त किया जा सकता है	( )
42	यदि एक गिलास में गर्म पानी रखें और उसके ऊपर एक प्लेट में बर्फ के बहुत सारे टुकड़े रखे जाएं पानी और प्लेट के बीच पर्याप्त दूरी रखें तो कुछ समय पश्चात प्लेट पर पानी की बूंदे जमी हुई दिखाई देने लगती है ऐसा किस घटना के कारण होता है				
	(अ)वाष्पन	(ब)संघनन	(स)विस्तारण	(द)निर्जलीकरण	( )
43	निम्न पृथक्करण की विधियों एवं उनके उदाहरणों में से असंगत उदाहरण छांटिए				
	(अ)अवसादन- दही से मक्खन निकालना	(ब)हस्त चयन- चावल तथा दालों से कुछ बड़े मिट्टी के कण व पत्थर को अलग करना	(स)निष्पावन -हल्की भूसी को अन्य भारी कणों से पृथक करना	(द)वाष्पन -समुद्री जल से नमक बनाना	( )
44	एक बालक ने सभी घटकों को जोड़कर विद्युत परिपथ का निर्माण कर लिया है किंतु फिर भी विद्युत धारा प्रवाहित नहीं हो रही है कौन सा विद्युत उपकरण है जो विद्युत परिपथ में धारा प्रवाह शुरू कर सकता है				
	(अ)विद्युत सेल	(ब)विद्युत स्विच	(स)बल्ब	(द)संयोजक तार	( )
45	चित्र में प्रदर्शित परिवर्तन किस क्रियाविधि के माध्यम से हो रहा है ? 				
	(अ)बिंदु स्राव	(ब)संघनन	(स)वाष्पोत्सर्जन	(द)प्रकाश संश्लेषण	( )
46	संतुलित आहार में किस प्रकार का भोजन सम्मिलित किया जाना चाहिए				
	(अ)फल और सब्जियां	(ब)दालें और चावल	(स)दूध और दूध उत्पाद	(द)फल, सब्जियां, दालें,	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

				अनाज एवं दूध उत्पाद	
47	एक बच्चे की आंखें कमजोर है उसे रात में दिखाई भी कम देता है तो डॉक्टर उसे क्या खाने की सलाह देंगे?				
	(अ)दाल, दूध, आलू, नींबू	(ब)दूध, पपीता, गाजर, हरी सब्जियां	(स)दही, घी, संतरा, दाल	(द)घी, आलू, पनीर, टमाटर	( )
48	पृथ्वी से समस्त कीटों को एक साथ खत्म कर दिया जाए तो पादपों की कौन सी क्रिया प्रभावित होगी?				
	(अ)निषेचन	(ब)पर-परागण	(स)प्रकाश संश्लेषण	(द)श्वसन	( )
49	निम्न कथनों पर विचार कीजिए- (1) दलपुंज व परिदलपुंज सहायक चक्र कहलाते हैं। (2) पुंकेसर एवं स्त्रीकेसर मुख्य चक्र कहलाते हैं। (3) सहायक चक्र जनन नहीं करते परंतु जनन में सहायक होते हैं। उपरोक्त में से कौन से कथन सही है				
	(अ)1, 2	(ब)1, 3	(स)2, 3	(द)1, 2, 3	( )
50	अपनी गर्दन में अचल संधि होती तो क्या होता ?				
	(अ)गर्दन 90 डिग्री तक घूम सकती	(ब)गर्दन 180 डिग्री तक घूम सकती	(स)गर्दन 360 डिग्री तक घूम सकती	(द)गर्दन बिल्कुल नहीं घूम सकती	( )
51	अगर कोहनी में कब्जा (हिंज) संधि न होकर कंदूक खल्लिका का संधि होती तो क्या होता?				
	(अ) कोहनी हमेशा सीधी रहती	(ब)कोहनी 180 डिग्री तक मुड़ जायेगी	(स)कोहनी 90 डिग्री तक मुड़ जाएगी	(द)कोहनी 360 डिग्री तक घूम जाएगी मुड़ जाना और घूम जाना	( )
52	निम्न में से सही सुमेलित युग्म है- (A) कंधा (1)अचल संधि (B) गर्दन (2)कंदूक खल्लिका संधि (C) घुटना (3)धूराग्र संधि (D)ऊपरी जबड़ा (4)कब्जा संधि				
	(अ) A-2 , B-2 , C-3, D-4	(ब) A-2 , B-1 , C-4, D-3	(स) A-2 , B-4 , C-3, D-1	(द) A-2 , B-3 , C-4, D-1	( )
53	छुपम-छुपाई खेलते समय एक बच्चा आलमारी में छुप जाता है लेकिन फिर भी सबको नजर आ जाता है क्योंकि-				
	(अ)आलमारी लोहे की बनी है	(ब)आलमारी लकड़ी की बनी है	(स)आलमारी कांच की बनी है	(द)आलमारी स्टील की बनी है	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

54	एक बंद कमरे में आग लगने पर एक बच्चे की मौत उसके शरीर पर पहने कपड़ों के चिपकने से हुई बच्चा किस प्रकार के कपड़े पहने होता तो बच सकता था?				
	(अ)सूती वस्त्र	(ब)पॉलिएस्टर के वस्त्र	(स)नायलॉन के वस्त्र	(द)रेयान के वस्त्र	( )
55	एक डॉक्टर बच्चें को विटामिन सी (C) खाने की सलाह देता है बच्चों में निम्न में से कौन सा लक्षण दिखाई देगा?				
	(अ)आंखें कमजोर होना	(ब)मसूड़े से बार-बार खून आना	(स)हड्डियां कमजोर होना	(द)शरीर से दुबला होना	( )
56	सरिता ने राम को एक पन्ना देकर कहा कि इसे अपारदर्शी से पारभासी बनाना है, तो राम पाने को कैसे पारभासी बनाएगा?				
	(अ)पन्ने को पानी में गीला करके	(ब)पन्ने को टेबल पर रगड़ कर	(स)पन्ने को सिर पर लगे तेल से रगड़कर	(द)पन्ने को दीवार से रगड़ कर	( )
57	करुणा को उसकी माताजी चाय बनाने के लिए कहती है करुणा चाय बनाते समय किस विधि काप्रयोग करती है?				
	(अ)अवसादन	(ब)निस्यंदन	(स)निष्पावन	(द)निस्तारण	( )
58	एक बच्चे के थोड़ी सी चोट लगने पर हड्डियां (अस्थियां) टूट जाती है डॉक्टर उसे विटामिन डी लेने की सलाह देता है तो बच्चे में कौन सा रोग हो सकता है?				
	(अ)बेरी बेरी	(ब)रतौंधी	(स)रिकेट्स	(द)स्कर्वी	( )
59	अगर हम गेहूं को जूट की बोरी के स्थान पर सील पैक(air tight) लोहे के ड्रम में भर दे तो कुछ समय बाद होगा। (1). गेहूं सुरक्षित रहेंगे तथा अधिक दिनों तक खराब नहीं होंगे। (2). गेहूं में कचरा उत्पन्न हो जाएगा। (3). गेहूं श्वसन ना कर पाने के कारण इनके बीज खराब हो जाएंगे। (4). गेहूं अगली बीज के रूप में फसल के लिए उपयुक्त होंगे।				
	(अ) 1	(ब) 2	(स) 3	(द) 4	( )
60	निम्न कथनों पर विचार कीजिए – (A) बालों का सफेद होना उत्क्रमणीय क्रिया है। (B) जल से बर्फ का बनना अनुत्क्रमणीय क्रिया है। (C) पेड़ से पत्ता गिरना अनुत्क्रमणीयक्रिया है। (D) दही का जमना उत्क्रमणीय क्रिया नहीं है। उपरोक्त कथनों में से सही कथन कोनसे हैं।				
	(अ) A व B	(ब) B व C	(स) B व D	(द) C व D	( )
61	एक बच्चा खेत में कुछ घास तथा अनावश्यक पौधे उखाड़ रहा था तो उसे एक पौधा उखाड़ नहीं पा रहा क्योंकि?				
	(अ)पौधे का तना मोटा है।	(ब)पौधे की पत्तियां जहरीली है।	(स)पौधे में मूसला मूल है।	(द)पौधे में रेशेदार जड़ है	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

62	निम्न कथनों पर विचार कीजिए- (A). गर्मी के कारण बिजली के तार ढीले हो जाते हैं। (B). रेल की पटरियों के बीच स्थान इसलिए छोड़ा जाता है क्योंकि वह घर्षण से सिकुड़ती है। (C). लोहार लोहे को मुलायम करने के लिए गर्म करता है ताकि उसको अन्य आकार दिया जा सके। उपरोक्त कथनों में से सही कथन का चयन कीजिए।				
	(अ)A, B	(ब)B, C	(स)A, C	(द) A, B, C	( )
63	एक बच्चा अपने पापा के साथ रेडियो सही करवाने गया तो वहां देखा की मैकेनिक के पेचकस से स्क्रू चिपक रहे थे क्योंकि?				
	(अ)पेचकस में लोहे के गुण आ गए।	(ब)पेचकस में विद्युत के संपर्क से चुंबकीय गुण उत्पन्न हो गए।	(स)स्क्रू में विद्युत के संपर्क से चुंबकीय गुण उत्पन्न हो गए।	(द)स्क्रु तथा पेचकस का लोहे के बना होने के कारण चिपक गए।	( )
64	तरूण तालाब के पास खेल रहा था, उसने तालाब पर तैर रहे पौधे की पत्तियों को स्पर्श किया तो चिकनी महसूस हुई। जलीय पौधों की पत्तियां चिकनी होने से संबंधित कथन पर विचार कर सही कथन का चयन कीजिए। (A) चिकनी सतह उनकी धूप से रक्षा करती है । (B) चिकनी सतह जल में गलने-सड़ने से सुरक्षा करती है। (C) चिकनी सतह कीटों से रक्षा करती है।				
	(अ) केवल A, B	(ब) केवल B	(स) केवल A, C	(द)केवल B, C	( )
65	कविता बाजार गई तो स्वादिष्ट मिठाई देखकर उसके मुंह में पानी आ गया । (A) मिठाई उद्दीपन तथा लार उद्देश्य है। (B) मिठाई अनुक्रिया तथा लार उद्दीपन है। (C). मिठाई उद्दीपन तथा लार प्रतिक्रिया है (D) मिठाई उद्दीपन लार अनुक्रिया है।				
	(अ) B	(ब) A	(स) D	(द) C	( )
66	संगीता खाना पका रही थी उसके कच्ची खाद्य सामग्री में आयोडीन विलयन की कुछ बुँदे गिर गई तो खाद्य सामग्री का रंग काला या नीला हो जाता है, तो खाद्य सामग्री में हो सकता है?				
	(अ)प्रोटीन	(ब)स्टार्च (मंड)	(स)विटामिन	(द)खनिज लवण	( )
67	राम के पापा ने राम को कमरे से चुंबक लाने को कहा पर राम ने देखा कि कमरे में लोहे व चुंबक की छड़े एक समान दिखाई दे रही थी। राम चुंबक का पता कैसे लगाएगा? (1) सभी छड़ों को स्वतंत्रता पूर्वक लटकाकर । (2) सभी छड़ों को गर्म करके । (3) सभी छड़ों को आपस में चिपकाकर देखने पर।				
	(अ) (1), (2) से	(ब) (1), (3) से	(स) (2), (3) से	(द) (1), (2), (3) से	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

68	कनक जब छुई-मुई की पत्तियां को छूता है, तो पत्तियां अचानक मुरझा (सिकुड़) जाती है क्योंकि इसमें -				
	(अ)उद्दीपन के प्रति उद्दीपन होता है	(ब)उद्दीपन के प्रति अनुक्रिया होती है	(स)अनुक्रिया के प्रति उद्दीपन होता है	(द)अनुप्रिया के प्रति अनुक्रिया होती है	( )
69	मरुस्थलीय पौधों की पत्तियां बड़ी होती तो क्या होता? (1) वाष्पोत्सर्जन कम होता। (2) वाष्पोत्सर्जन अधिक होता । (3) प्रकाश संश्लेषण अधिक होता। (4) प्रकाश संश्लेषण कम होता। उपरोक्त कथनों में से सही कथन का चयन कीजिए।				
	(अ)केवल एक और दो	(ब)केवल दो और तीन	(स)केवल एक और चार	(द)केवल दो और चार	( )
70	एक पुष्प में पर-परागण को बढ़ाने के लिए किस भाग को नष्ट करना पड़ेगा?				
	(अ)अंडाशय	(ब)दलपुंज	(स)पराग कोष	(द)वर्तिकाग्र	( )
71	कनक एक पुष्प को थैली से ढक देता है तो उसके पिताजी कहते हैं कि इससे अच्छे फल प्राप्त करने में बाधा उत्पन्न होगी। आप बताइए कि इस क्रिया से पुष्प की कौन सी क्रिया प्रभावित होगी?				
	(अ)प्रकीर्णन	(ब)स्वपरागण	(स)परपरागण	(द)निषेचन	( )
72	कनक के पिताजी बाजार से पॉलिथीन में पालक लेकर आये। रात भर पॉलिथीन की आंतरिक सतह पर पानी की बूंदे जमा हो जाती है। उसका क्या कारण हो सकता है?				
	(अ)वाष्पीकरण	(ब)संघनन	(स)गलन	(द)संकुचन	( )
73	पुष्प से निषेचित अंडाशय को हटा दे, तो कौन सी क्रिया अवरुद्ध हो जाएगी?				
	(अ)फल नहीं बनेगा	(ब)पौधा नष्ट हो जाएगा	(स)निषेचन नहीं होगा	(द)परागकण का निर्माण नहीं होगा	( )
74	कमल कुर्सी पर बैठा था। उसके सामने लगे दर्पण से बल्ब का प्रकाश टकराकर आंखों पर गिर रहा था, क्योंकि? (1) दर्पण प्रकाश का परावर्तन करता है। (2) दर्पण प्रकाश का अपवर्तन करता है। (3) दर्पण प्रकाश का अवशोषण करता है। उपरोक्त में से उचित कथन है।				
	(अ)केवल एक	(ब)केवल दो	(स)केवल दो और तीन	(द)केवल एक और तीन	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

75	निम्न कथनों पर विचार कीजिए- (A) पक्षियों की हड्डियां हल्की तथा मजबूत होती है। (B) पश्चपाद की अस्थियां पक्षी के पंख में रूपांतरित होती है। (C) कंधे की अस्थियां कमजोर होती है। (D) पक्षी का आकार उसे उड़ने में मदद करता है। (E) वक्ष की अस्थियां विशेष रूप से रूपांतरित होती है। उपरोक्त कथनों में से सही कथन है।				
	(अ)A. ,D, E	(ब)B, D, E	(स)A, C, E	(द)B, C, E	( )
76	तरुण ने बगीचे में देखा कि मधुमक्खियां ने छाता बना लिया है। वह अपने पिताजी को छाता हटाने के लिए कहता है तो उसके पिताजी ने कहा कि यह बगीचे में फलदार पौधों के लिए लाभदायक है क्योंकि?				
	(अ)मधुमक्खियां परागण में सहायक है।	(ब)मधुमक्खी अंकुरण में सहायक है।	(स)मधुमक्खियां पुष्पन में सहायक है।	(द)मधुमक्खियां छोटे कीटों से पौधों की रक्षा में सहायक है।	( )
77	आकाश में उड़ता वायुयान पास में खड़ी बस से छोटा दिखाई देता है, से संबंधित कुछ कथनों को पढ़िए। (A). वायुयान बस से छोटा है। (B). वायुयान बस से बड़ा है (C). वायुयान बस की तुलना में दूर है (D). वायुयान बस की तुलना में पास है। उपरोक्त में से सही कथन कौन से हैं?				
	(अ) A, C	(ब) B, C	(स)B, D	(द)A, D	( )
78	निम्न कथनों पर विचार कीजिए- (A) सूर्य सबसे बड़ा तारा है इसलिए बड़ा दिखाई देता है। (B) सूर्य पृथ्वी के पास होने के कारण बड़ा दिखाई देता है। (C) सूर्य से कई बड़े तारे ब्रह्मांड में मौजूद है। (D) सूर्य चांद के प्रकाश से चमकता है। उपरोक्त कथनों में से सही कथन का चयन कीजिए।				
	(अ)A, C	(ब)B, D	(स)C, D	(द)B, C	( )

schools.aglasem.com
aglasem.com

ANSWAR SHEET									
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**8**	**9**	**10**	**11**
ब	स	स	द	स	स	स	ब	स	स
12	**13**	**14**	**15**	**16**	**17**	**19**	**20**	**21**	**23**
ब	द	ब	स	ब	स	ब	द	स	ब
24	**25**	**26**	**27**	**29**	**30**	**31**	**33**	**34**	**35**
स	द	द	ब	अ	द	द	स	अ	द
36	**37**	**38**	**39**	**41**	**42**	**43**	**44**	**48**	**49**
स	अ	स	ब	ब	अ	द	स	ब	ब
50	**51**	**52**	**53**	**54**	**55**	**56**	**57**	**58**	**59**
अ	ब	स	द	ब	ब	द	द	द	द
60	**61**	**62**	**63**	**64**	**65**	**66**	**67**	**68**	**69**
स	अ	ब	स	ब	स	द	द	स	स
70	**71**	**72**	**73**	**74**	**75**	**76**	**77**	**78**	**79**
ब	ब	स	ब	ब	ब	ब	स	स	अ
80	**81**	**82**	**83**	**84**	**85**				
अ	अ	अ	अ	ब	द				

schools.aglasem.com
aglasem.com